मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 298 ■ शनिवार 28 फरवरी 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

एक्टर विजय की पत्नी ने तलाक याचिका दायर की



# पुलिस में नौकरी नहीं मिलने से निराश युवती ने की आत्महत्या

## अंबरनाथ जूना भेंडी पाड़ा की दर्दनाक घटना

## माता-पिता से क्षमा मांगते हुए लिखा पत्र

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के जूना भेंडीपाड़ा में एक दर्दनाक घटना हुई है. पुलिस में नौकरी नहीं मिलने से निराश होकर एक 26 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली है. आत्महत्या से पूर्व उसने अपने माता-पिता के नाम एक पत्र लिखकर उनसे क्षमा मांगते हुए बताया है कि उसे पुलिस की सरकारी नौकरी ही चाहिए थी. उसने नौकरी के लिए प्रयास किया. नौकरी नहीं मिलने से निराश होकर वह आत्महत्या कर रही है. ऐसा पत्र आत्महत्या करने वाली जूना भेंडी पाड़ा निवासी प्रतीक्षा रानी (26) ने लिखा है. वह अपने माता-पिता की इकलौती लड़की थी. मैं 26 वर्ष की हो गई हूं, पर पुलिस की नौकरी नहीं मिलने से मैं कमा नहीं पा रही हूं. तुम लोगों ने मुझे इतने वर्ष तक संभाला. मुझे कभी तकलीफ नहीं दिया. मैंने नौकरी के लिए बहुत कोशिश की. लेकिन नौकरी नहीं मिली. मुझे माफ करना.. ऐसा दर्दभरा पत्र प्रतीक्षा रानी ने अपने माता-पिता को लिखा है. वह नौकरी नहीं मिलने से काफी निराश हो गई थी. आखिर उसने आत्महत्या कर ली. जैसे ही यह खबर भेंडी पाड़ा में फैली, शोक का माहौल फैल गया. अंबरनाथ पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में भेज दिया है. पुलिस ने अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज करके आगे की जांच कर रही है.

महापौर अश्विनी निकम का सरप्राइज दौरा

# मनपा स्कूल 18-24 में महापौर का 'इंस्पेक्शन'



**उल्हासनगर.** शहर की महापौर अश्विनी निकम ने उल्हासनगर महानगर पालिका के स्कूल नंबर 18 और 24 का सरप्राइज़ विज़िट किया। क्लासरूम से लेकर डिजिटल बोर्ड तक और बोर्ड और किताबों से लेकर स्टूडेंट्स की पढ़ने-लिखने की स्किल के रिवीजन तक, महापौर ने स्कूल में एजुकेशनल माहौल का इंस्पेक्शन किया और पूरी तरह से रिव्यू किया। स्टूडेंट्स के चेहरों पर कॉन्फिडेंस और टीचर्स की तैयारी देखकर उन्होंने संतुष्टि जताई। उन्होंने मिली गलतियों पर तुरंत एक्शन लेने का भी ऑर्डर दिया।

महापौर निकम के विज़िट के दौरान, स्टूडेंट्स ने महापौर का जोश से स्वागत किया। उसके बाद, महापौर हर क्लास में गईं और स्टूडेंट्स से बातचीत की। उन्होंने सीधे मराठी पढ़ने, पढ़ने-लिखने की स्किल का रिव्यू करके स्टूडेंट्स की तैयारी चेक की। स्कूलों में बोर्ड बुक्स की उपलब्धता, डिजिटल बोर्ड का इस्तेमाल, स्कूल डेकोरेशन, स्टूडेंट्स की यूनिफॉर्म और मिड-डे मील स्कीम के इम्प्लीमेंटेशन पर डिटेल में रिव्यू किया गया।

### डिजिटल बोर्ड का डेमोंस्ट्रेशन किया गया...

इस मौके पर टीचर डिजिटल बोर्ड से कैसे पढ़ाते हैं, इसका डेमोंस्ट्रेशन भी दिखाया गया। मेयर ने मॉडर्न टेक्नोलॉजी के अच्छे इस्तेमाल के लिए टीचरों की तारीफ की। हालांकि, कुछ जगहों पर मिली दिक्कतों को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत रिपेयर और ज़रूरी सुधार करने के साफ निर्देश दिए। इस इंस्पेक्शन के दौरान वार्ड कॉरपोरेटर, स्कूल प्रिंसिपल, टीचिंग स्टाफ और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# कागजों पर सिमटा 'स्वच्छ उल्हासनगर'

## नेहरू नगर गार्डन के पास कचरे का पहाड़, नाले में कचरे से लोग परेशान

■ **सफाई के दावों की पोल खुली!**



**उल्हासनगर.** शहर की सफाई के दावों, कैंपेन के नारों और असलियत में फर्क लोगों ने एक बार फिर महसूस किया है। उल्हासनगर-5 OT सेक्शन में नेहरू नगर गार्डन और हनुमान मंदिर के पास नाले ने सचमुच बदबू का साम्राज्य बना दिया है, और इस नाले में जमा कचरे से पूरे इलाके के लोग हैरान हैं। नाले में जमा सड़ा हुआ कचरा, प्लास्टिक और गंदा पानी लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन रहा है, लेकिन नगर निगम प्रशासन पर अभी भी गहरी नींद में होने का आरोप है।

नेहरू नगर गार्डन के साथ बहने वाले इस नाले में पिछले कई दिनों से भारी मात्रा में कचरा जमा हो गया है। रेगुलर सफाई न होने से नाले में गंदा पानी जमा है। इस वजह से इलाके में तेज़ बदबू फैल गई है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि शाम के बाद हालात इतने खराब हो जाते हैं कि घर के बाहर खड़ा होना भी मुश्किल हो जाता है।

स्थानीय निवासी संदीप सिंह ने कहा, "हमने इस नाले के बारे में कई बार मनपा से शिकायत की है। लेकिन, शिकायतें सिर्फ़ दर्ज की जाती हैं, कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। आज तक कोई भी ज़िम्मेदार अधिकारी जांच के लिए नहीं आया है।"

नाले की समय पर सफाई न होने से इलाके में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। इससे सबसे ज़्यादा परेशानी बच्चों, बुज़ुर्गों और महिलाओं को हो रही है। हनुमान मंदिर और नेहरू नगर गार्डन इलाके में रोज़ सुबह-शाम लोगों की भीड़ रहती है, लेकिन बदबू और गंदगी के कारण भक्त और लोग नाराज़ हैं।

इलाके के लोगों ने मनपा प्रशासन से मांग की है कि वह तुरंत नाले की पूरी तरह सफाई करे, जमा हुआ कचरा हटाए, पेस्टीसाइड का छिड़काव करे और ज़िम्मेदार अधिकारियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई करे। नहीं तो, लोगों ने चेतावनी दी है कि उन्हें ज़ोरदार आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# गुब्बारे मारने वालों पर होगी कानूनी कार्यवाही

■ उल्हासनगर में होली पर पुलिस सतर्क

**उल्हासनगर.** शहर में होली और रंगपंचमी त्योहार के मद्देनजर बाजारों में होली के रंग गुलाल और पिचकारी खरीददारों की भीड़ है। त्योहार पर कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए पुलिस का भारी बंदोबस्त है। उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4 की सीमा के अंतर्गत कई ठेकानो पर नाकाबंदी रहेगी। वहीं शहर में गुब्बारे मारनेवालो पर पुलिस की कड़ी नजर है। अगर पुलिस ने ऐसे लोगों को पकड़ा तो उनपर कानूनी कार्यवाही होगी। शराब पीकर अथवा शहर में हो रहे होली इवेंट पर कानून का उल्लंघन हुआ तो कानूनी कार्रवाई पुलिस करेगी।

# मजीप्रा अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत

■ **लोगों को 3-3 दिन तक नहीं मिल रहा पानी**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मजीप्रा के अधिकारियों के खिलाफ शहर पश्चिम के 4 नगरसेवकों ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सय्यद से भेंट करके एक निवेदन देकर उन्हें बताया है कि गत कई महिनों से मजीप्रा के अधिकारी लोगों को 2 से 3 दिन तक पानी नहीं दे रहे हैं. रमजान का पवित्र महिना चल रहा है. होली का भी त्यौहार है. लेकिन पानी के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं. ऐसी शिकायत पुलिस में नगरसेवक उमेश पाटिल, किरण राठोड़, विपुल पाटिल और दिनश गायकवाड़ ने मजीप्रा के अधिकारियों के खिलाफ की है. पुलिस ने मजीप्रा के अधिकारियों के साथ सोमवार को पुलिस स्टेशन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया है.

नगरसेवक उमेश पाटिल ने पुलिस निरीक्षक को निवेदन देते हुए बताया कि शहर पश्चिम के मुस्लिम बहुत परिसर उलन चाल, न्यू कालोनी, शिव नगर, कोहोजगांव दर्गा के पास, चिंचपाड़ा, खामकर वाड़ी, हाउसिंग बोर्ड आदि परिसर में लोगों को दो से तीन दिनों तक पानी नहीं मिल रहा है. हम लोगों ने आदोलन किया, निवेदन दिया, मोर्चा निकाला. यहां तक कि रक्त देकर पानी देने की मांग की. लेकिन जलापूर्ति अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है. वह लोगों को और ज्यादा तकलीफ दे रहे हैं. नगरसेवक किरण राठोड़ ने पुलिस को बताया कि जलापूर्ति विभाग कभी रात में कभी सुबह में कुछ ही समय के लिए दो से तीन दिन में पौने घंटे के लिए रमजान महिने में पानी दे रहा है. पानी का कोई समय नहीं है. हम पर गुनाह दाखिल हुआ तो भी चलेगा, लेकिन हम अभ जबरदस्त आंदोलन करेंगे. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सय्यद ने उनकी बातों को सुनकर मजीप्रा अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया है.



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## एक पदयात्रा और पूरा शहर ठप

किसी भी देश में सरकारी तंत्र में वित्तीय अनुशासन का अपना महत्व है। सरकारी खजाने की राशि सावधानी से और प्राथमिकता के आधार पर ही खर्च की जानी चाहिए। मगर यह राशि जब कल्याणकारी योजनाओं में लगाने या विकास के लिए संसाधन जुटाने के बजाय सरकारी दौरे तथा आतिथ्य प्रबंधन में बर्बाद होने लगे, तो जनता का भरोसा टूटता है। आज एक ओर भारत के दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के दावे किए जा रहे हैं, तो दूसरी ओर देश के कुछ अधिकारी और नेता फिजूलखर्ची से बाज नहीं आ रहे। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी के प्रस्तावित सरकारी दौरे में पद और सार्वजनिक संसाधनों के बेजा इस्तेमाल का मामला सामने आने से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि पद और रसूख के प्रभाव के पीछे सामंती सोच का ढांचा किस तरह काम करता है। अधिकारी की यात्रा के लिए जिस तरह से पचास अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने की खबर आई, वह चौंकाने वाली है। इसमें उनको तौलिया-कंघी और तेल से लेकर अंतःवस्त्र तक जुटाने की हिदायत दी गई थी।

सरकारी यात्रा से जुड़े इन आतिथ्य इंतजामों का ब्योरा चर्चा में आने के बाद संचार मंत्री ने इसे 'बेहद ही बेतुका', 'स्तब्ध कर देने वाला' तथा अस्वीकार्य बताया। इस तरह के आतिथ्य प्रबंधन संबंधी आदेश से बीएसएनएल की तो फजीहत हुई ही, वहीं यह सच्चाई भी सामने आई कि कई सरकारी दौरों में कैसे जम कर फिजूलखर्ची होती है। एक ओर, जनहित की योजनाओं को लागू करने में देरी के सवाल पर धन की कमी को कारण बताया जाता है, वहीं सरकारी तंत्र में पसरी फिजूलखर्ची पर लगाम लगाना जरूरी नहीं समझा जाता। यह छिपा नहीं है कि सरकारी गाड़ियों के दुरुपयोग से लेकर कई तरह के भत्तों पर बेतहाशा खर्च के साथ-साथ अधिकारियों के अनावश्यक दौरों और सरकार के विज्ञापनों पर किस तरह करोड़ों रुपए बहाए जाते हैं। जबकि जनता का यह धन अनेक तरह के करों के जरिए जुटाया गया होता है। इस मामले में बेशक तत्काल कार्रवाई की गई हो, लेकिन सरकारी तंत्र में धन की बर्बादी कैसे हो रही है, यह उसकी यह बानगी भर है। इसे गंभीरता से लेने और इस तरह की प्रवृत्ति पर सख्ती से लगाम लगाने की जरूरत है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंजल के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# विचार : आसान नहीं व्यापार समझौतों का लाभ लेना

पिछले कुछ सालों में भारत मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से कई देशों से मुक्त व्यापार की राह पर आगे बढ़ा है। इससे भारतीय वस्तुओं के लिए दुनिया के बाजारों में निर्यात पहुंच बढ़ी है। गत दिवस पीएम मोदी ने कहा कि इजरायल के साथ भी भारत का एफटीए जल्दी ही आकार लेते हुए दिखाई देगा और भारत जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था वाला देश होगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए वैश्विक टैरिफ को अवैध ठहराए जाने के बाद 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए भारत समेत सभी देशों पर 15 प्रतिशत अस्थाई ग्लोबल टैरिफ लागू हो गया है।

इस अवधि के बाद अमेरिकी संसद तय करेगी कि इसे आगे बनाए रखना है या नहीं? अभी अमेरिकी प्रशासन के पास टैरिफ लगाने की कई शक्तियां बची हुई हैं। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी संसद से टैरिफ पर प्रस्ताव मंजूर होने के बाद भारत के साथ किया गया व्यापार समझौता अपने पूर्व निर्धारित रूप में ही लागू होगा। ऐसे में जहां आगामी 150 दिन टैरिफ की अस्थाई कमी निर्यात बढ़ाने के लिए हितकर है, वहीं इसके बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौता अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के लिए लाभप्रद होगा।

भारत के लिए अमेरिका एक सबसे बड़ा बाजार है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच 131.84 अरब डालर मूल्य का व्यापार हुआ। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से दिसंबर के बीच भारत ने अमेरिका को 65.88 अरब डालर मूल्य का निर्यात किया है। ऐसे में अमेरिका के साथ अंतरिम



व्यापार समझौता भारतीय निर्यात बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। अमेरिका द्वारा शुरू किए गए टैरिफ और व्यापार व्यवधानों ने भारत को वैकल्पिक बाजार खोजने और नए व्यापार गठबंधन बनाने की राह पर आगे बढ़ाया है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत ने पिछले वर्ष कई व्यापार समझौते किए हैं और इस वर्ष भी कई नए व्यापार समझौतों के कार्यान्वयन की तैयारी है।

इनमें अत्यधिक महत्वपूर्ण यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी शामिल है। हाल में एआइ समिट के दौरान ईयू के कई राष्ट्राध्यक्षों ने 27 जनवरी को भारत-ईयू के दौरान किए गए एफटीए को शीघ्र कार्यान्वित किए जाने के लिए समर्थन दिया। यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का बेजोड़ उदाहरण है। इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी कहा गया है। इस एफटीए से दो अरब लोगों का एक साझा बाजार तैयार होगा, जिसका संयुक्त बाजार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग एक चौथाई हिस्से के बराबर होगा। अनुमान है कि यह एफटीए आगामी छह महीने में कार्यान्वित होते हुए दिखाई देगा।

पिछले वर्ष भारत द्वारा ब्रिटेन, ओमान के साथ किए गए एफटीए इसी अप्रैल से और न्यूजीलैंड के साथ किया गया एफटीए सितंबर से कार्यान्वित होते हुए दिखाई देगा। इन सबके साथ-साथ मारीशस, संयुक्त अरब अमीरात, आस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ हुए एफटीए से भी इस वर्ष निर्यात बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इस वर्ष पेरू, चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी नए एफटीए हो सकते हैं। इस तरह निर्यात बढ़ने की संभावनाओं का यह एक अनुकूल परिदृश्य है, लेकिन ट्रंप प्रशासन के लगातार बदलते रवैये को देखते हुए भारत के लिए उचित यही होगा कि वह अन्य देशों से व्यापार समझौते संबंधी वार्ताओं को गति दे।

वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाना कोई सरल काम नहीं है। भारत को निर्यात की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। एक फरवरी को वित्त मंत्री की ओर से प्रस्तुत केंद्रीय बजट में विनिर्माण, वस्त्र, चमड़ा और समुद्री भोजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्यात बढ़ाने के लिए जो कई रणनीतिक उपाय किए गए हैं, उन पर नए वित्तीय वर्ष में शुरुआत से ही ध्यान देना होगा। निर्यात बढ़ाने के लिए हमें उत्पादों की गुणवत्ता और नए सुधारों पर भी ध्यान देना होगा। व्यापार समझौते अभी ऐतिहासिक कागजी दस्तावेज हैं। इनका पूरा लाभ तभी मिलेगा, जब भारत नई पीढ़ी के सुधारों और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को आगे बढ़ाएगा।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**यह जानना कि प्रभु हमारे साथ हैं, हमें जीवन की परेशानियों का सामना करने के लिए हिम्मत व धैर्य प्रदान करता है।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-2**


# भाईचारा ही लोकतंत्र की असली ताकत

भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है।

अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है।

इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच



द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए।

जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए किसी भी समुदाय को बदनाम करना, उस पर धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर निशाना साधना संविधान का उल्लंघन है।

दरअसल, पिछले कुछ समय से देश भर में अलग-अलग संदर्भ में कुछ नेताओं के बयानों या फिल्मों ने कई बार विवाद की स्थिति खड़ी कर दी। सार्वजनिक रूप से वैसी बातें करने में भी संकोच नहीं किया गया, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं था, लेकिन उसने जन मानस के बीच राय बनाने में भूमिका निभाई। वे फिल्मों में चित्रित ब्योरे हों या किसी नेता का बयान, ऐसे अनेक मौके सामने आए, जब उसकी वजह से नाहक विवाद खड़ा हुआ, आपसी सद्भाव को नुकसान पहुंचा और यहां तक कि कोई खास समुदाय अपने आपको कठघरे में खड़ा या असुरक्षित महसूस करने लगा।

सवाल है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को लक्ष्य कर बोलने की आजादी के तहत जो भी कहा जाता है, क्या कभी उसके आधार और असर को लेकर भी विचार करने की कोशिश की जाती है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि सद्भावना और आपसी भाईचारा देश के संविधान के बुनियादी उद्देश्यों में से एक है। अनुच्छेद 51ए(ई) के तहत हर नागरिक का यह बुनियादी कर्तव्य है कि वह धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय विविधताओं की सीमा से अलग होकर नागरिकों के बीच सद्भावना और सहयोग को बढ़ावा दे। मगर धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर अगर किसी व्यक्ति या समुदाय को निशाना बनाया जाता है, तो यह संविधान और मानवीय मूल्यों का विरुद्ध है।

# सुकून की तलाश में ताबूत में आ रहे लोग

हर इंसान आराम और शांति की जिंदगी चाहता है. पर लोगों को आज के वक्त में आराम कहां ही नसीब है. आपको हमेशा दौड़ते-भागते

### जरा हट के

रहना पड़ता है. पर ऐसा लग रहा है कि जापान में लोगों को आराम की जिंदगी नसीब हो रही है. पर उसे पाने के लिए वो अजीबोगरीब काम कर रहे हैं. वो सीधे ताबूत में लेट कर आराम फरमा रहे हैं. इस वजह से लोगों का कहना है, कि ये हकीकत में 'रेस्ट इन पीस' हो गया.

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार जापान में एक अजीबोगरीब ट्रेंड चर्चा में है. इस ट्रेंड का नाम है कॉफिन लाइंग. इसका ये मतलब है कि लोग ताबूत के अंदर लेटकर ध्यान लगा रहे हैं. यहां लेटे-लेटे वो जिंदगी और मौत के बारे में सोचते हैं. आपको बता दें कि ये विचार सबसे पहले चीबा पर्फेक्चर के एक फ्यूनरल होम में आया था. पर अब ये विचार लोगों के बीच बहुत ज्यादा



पॉपुलर हो गया है, जिन्हें सुख-शांति की कामना है. लोग मेंटल रिलैक्सेशन भी चाहते हैं. लोग ताबूत को शांत जगह की तरह चुन रहे हैं, जहां वो अपनी जिंदगी के बारे में सोच सकें और स्ट्रेस कम कर सकें.

जापानी कल्चर में कूयो नाम की प्रथा पहले से है जिसमें मर चुके लोगों को याद किया जाता है और उनका सम्मान किया जाता है. जापानी लोग मानते हैं कि जिंदगी कमजोर है, कभी भी खत्म हो सकती है और मौत प्रकृतिक घटना है, उससे डरने की कोई आवश्यकता नहीं है. ये ट्रेंड तब ज्यादा बढ़ रहा है, जब जापान के आम लोगों में सुसाइड रेट बहुत ज्यादा बढ़ रहे हैं. इस वजह से कई बिजनेस मेंटल हेल्थ को सपोर्ट करने के लिए अलग-अलग तरह के क्रिएटिव तरीके अपना रहे हैं.

जो कंपनियां कॉफिन मेडिटेशन की सुविधा दे रही हैं, उनका कहना है कि इसके जरिए लोग अकेले में वक्त बिता रहे हैं और अपने विचारों को बेहतर ढंग से समझ पा रहे हैं. अब तो अलग-अलग तरह के ताबूत भी आ रहे हैं, जो लोगों की पर्सनैलिटी के हिसाब से हैं. अगर नॉर्मल सा लकड़ी का ताबूत बहुत गंभीर लग रहा है, तो लोग क्यूट कॉफिन्स चुन रहे हैं. टोक्यो के एक स्पा, मीसो कुकान कानोके इन में ये सुविधा उपलब्ध है.

**खाना-खजाना**

# क्रिस्पी फ्रेंच फ्राइज

**फ्रेंच फ्राइज खाना बच्चों को बहुत पसंद होता है। अक्सर लोगों इसे बर्गर या पिज्जा के साथ खाते हैं, लेकिन आप चाहें तो बाहर पैसे खर्च करने से बेहतर इन्हें घर पर ही बना लें। इन्हें बनाना बेहद आसान होता है और ये खाने में लाजवाब होते हैं। हम आपके लिए लेकर आए हैं इन्हें बनाने की आसान रेसिपी। जानें कैसे इन्हें घर पर बना सकते हैं।**

**सामग्री :**

- 500 ग्राम आलू
- 2 कप रिफाइंड तेल
- नमक
- 3 चुटकी काली मिर्च

**विधि :**

आलू को धोकर अच्छे से धो लें और उन्हें न बहुत छोटे और न बहुत मोटे या पतले आकार में काटें। उनका आकार लंबाई और मोटाई में मध्यम होना चाहिए।



अब, आलू को धोकर अच्छे से साफ कर लें। उन्हें 10 से 15 मिनट के लिए बर्फ वाले पानी के कटोरे में रखें। इन्हें पानी में डुबाकर रखें नहीं तो ये काले पड़ जाएंगे।

अब एक गहरे तले वाले पैन में तेल गर्म करें। एक बार जब धुंआ दिखाई देने लगे, तो आंच कम कर दें और इसे कम आंच पर रखें। अब आलू को थोड़ा-थोड़ा करके डीप फ्राई करें। कम आंच पर पकाने से वे कुरकुरे हो जाएंगे और उनका रंग भी सुनहरा बरकरार रहेगा।

अतिरिक्त तेल निकाल कर इन्हें टीशू पेपर पर रखें। इन्हें हल्का ठंडा होने दें।अब नमक और काली मिर्च छिड़कें और अच्छे से टॉस करें। केचप के साथ तुरंत परोसें।

## आज का राशिफल

**मेष** : आज परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा. माँ जी से आपको सुख मिलेगा और उनसे धन लाभ हो सकता है. कार्यक्षेत्र में स्थितियां अच्छी रहेगी. आपके ट्रांसफर के योग बनेंगे.स्वास्थ्य के मामले में आज का दिन थोड़ा कमजोर है. दांपत्य जीवन में खुशियां रहेंगी.

**वृष** : आज परिवार से कोई दूर यात्रा पर जा सकता है. धार्मिक क्रियाकलापों में मन लगेगा. ऑफिस में मन कम लगेगा. काम से जी चुराने के योग बन रहे हैं, इसलिए थोड़ा ध्यान दें. पारिवारिक जीवन शांतिपूर्ण रहेगा. दांपत्य जीवन के लिए दिन कमजोर है.

**मिथुन** : आज लाभ होगा, मानसिक खुशी होगी. प्रेम जीवन में आज सफलता का दिन है. सुकून भरे पल बिताएंगे और जो लोग शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनका आज पढ़ाई में मन लगेगा. आप शादीशुदा हैं तो संतान को सुख मिलेगा जिससे आपको संतुष्टि प्राप्त होगी.

**कर्क** : आज का दिन ध्यान पूर्वक चलने के लिए है. कार्यक्षेत्र में काम पर ही फोकस करें अन्यथा स्थिति बिगड़ सकती है. पारिवारिक जीवन बढ़िया रहेगा और माता पिता का सुख मिलेगा. स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहने की संभावना है. अधिक व्यस्तता से बचें.

**सिंह** : आज उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में सफलता मिलेगी. प्रेम संबंधों के लिए भी दिन बेहतर है. जिनकी शादी हो चुकी है, उनके दांपत्य जीवन में कुछ समस्याएं रह सकती हैं. कार्यस्थल पर आपका काम आपके लिए कोई खुशखबरी लेकर आ सकता है.

**कन्या** : आज जीवनसाथी का सहयोग मिलेगी. आपके काम में उम्मीदें जागेंगी. पारिवारिक जीवन में भी परिजनों का सहयोग आपको प्राप्त होगा. यात्राओं पर जाने के लिए समय अनुकूल नहीं है. झगड़े से बचना चाहिए. समाज में मान सम्मान बढ़ेगा.

**तुला** : आज इस दौरान खर्चे भी काफी अधिक रहेंगे, जिन पर नियंत्रण रखना आपके लिए आवश्यक होगा. दांपत्य जीवन में तनाव रह सकता है, जिससे बचने का प्रयास करना आवश्यक होगा. यदि किसी से प्रेम करते हैं तो आज उनसे मन की बात कह सकते हैं.

**वृश्चिक** : आज का दिन आपके लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है. निवेश किए गए धन से लाभ होगा. प्रेम जीवन में भी अंतरंग पलों में बढ़ोतरी होगी और अपने प्रिय के साथ समय बिताएंगे. शिक्षा में रुकावट का समय खत्म होगा.

**धनु** : आज रोजगार के प्रयास सफल रटठहेंगे. शुभ सूचना मिलेगी. व्यवसाय में आमदनी होगी. परिवार का साथ रहेगा. बीमा, बैंक आदि में निवेश शुभ रहेगा. पार्टनरों से मदद मिलेगी. आज दिनभर सकारात्मक वातावरण रहेगा. भाग्य का साथ मिलेगा.

**मकर** : आज निजी जीवन के लिए दिन अनुकूल है. परिवार के साथ समय बिताएंगे. परिवार का सहयोग भी काम में मिलेगा और पेशेवर जीवन में भी अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे. खर्च काफी अधिक रह सकते हैं. आवश्यक कार्यों पर ही खर्च होंगे.

**कुंभ** : आज किसी छोटी यात्रा पर जाने से मन भी प्रसन्न होगा और आपको कुछ नए सौदे मिलने की उम्मीद होगी, जिससे आपका व्यापार गति पकड़ेगा. इनकम में बढ़ोतरी होगी. खर्चों का बोझ भी आप पर रहेगा, फिर भी मन प्रसन्न रहने से कार्य में सफलता मिलेगी.

**मीन** : आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी. धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. कार्य क्षेत्र में स्थिति सामान्य रहेगी. पारिवारिक जीवन का तनाव आप पर हावी हो सकता है, इससे बचने का प्रयास करें. दांपत्य जीवन सामान्य रहेगा. दिनमान अनुकूल है.

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## वेट लॉस से लेकर एसिडिटी की प्रॉब्लम को दूर करती है

# काली मिर्च



काली मिर्च ऐसा मसाला है जिसे किसी भी डिश में डालने से स्वाद बढ़ जाता है. खासतौर पर अगर आपको डिश फीकी लग रही हो, तो आप काली मिर्च पाउडर डालकर उसे चटपटा बना सकते हैं. कई लोग चाय का स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें काली मिर्च पाउडर डालते हैं. काली मिर्च में पैपरीन नामक तत्व पाया जाता है. यह तत्व औषधीय गुणों से भरपूर है. इसमें आयरन, पोटैशियम, मैग्नीशियम, मैंग्नीज, जिंक, क्रोमियम, विटामिन ए जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. काली मिर्च को किसी भी तरह से खाने के बहुत फायदे हैं.

### कब्ज दूर करे

कब्ज की समस्या है, तो काली मिर्च जरूर खानी चाहिए. इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए एक कप पानी में नींबू का रस और काली मिर्च का चूर्ण और नमक डालकर पीने से गैस व कब्ज की समस्या कुछ ही दिनों में ठीक हो जाती है.

### स्टेमिना बढ़ाए

गुनगुने पानी के साथ काली मिर्च का सेवन करने से शरीरिक क्षमता बढ़ती है. साथ ही शरीर में पानी की कमी भी दूर होती है. कभी-कभी ऐसा होता है कि एसिडिटी रहने की वजह से शरीर में हमेशा थकान रहती है, इस थकान को दूर करने के लिए काली मिर्च बहुत फायदेमंद है.

### डिहाइड्रेशन

आपको डिहाइड्रेशन की प्रॉब्लम है, तो काली मिर्च का गुनगुने पानी के साथ सेवन करने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती. इससे थकान भी नहीं होती. इससे आपकी स्किन ड्राय नहीं होगी. इस उपाय को सर्दी में जरूर फॉलो करना चाहिए.

### वेट लॉस

काली मिर्च और गुनगुना पानी शरीर में बढ़ा हुआ फैट कम करता है. साथ ही यह कैलोरी को बर्न करके वजन कम करने में भी मदद करता है. काली मिर्च को गर्म दूध में मिलाकर पीने से वेट कंट्रोल में रहता है. सुबह खाली पेट दूध पीना

# लिप लाइनर के ब्यूटी हैक्स

**लिप लाइनर का इस्तेमाल सिर्फ लिप्स पर ही नहीं बल्कि मेकअप में कई जगह किया जा सकता है. जैसे, अगर आपके पास कई लिप लाइनर हैं और आप किसी भी वजह से लिप्स पर इसका इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं, तो आप कई ब्यूटी हैक्स में इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.**



### कलर आईलाइनर

आपको अगर आईलाइनर लगाने का शौक है, तो आप लिप लाइनर का इस्तेमाल कलर आईलाइनर के रूप में कर सकते हैं. इसके लिए आप आईलिड के ऊपर थिन लाइन ड्रा कर सकते हैं या फिर ब्लैक आईलाइनर के ऊपर थिन लाइन कलर लिप लाइनर की ड्रा कर सकते हैं.

### आईशैडो

आई मेकअप को हाइलाइट करने के आप एक साथ दो या तीन कलर के लिप लाइनर को आइज पर अप्लाई कर सकते हैं. इसके बाद आप आईशैडो ब्रश की मदद से इसे अच्छी तरह ब्लेंड करें और इससे आपको स्मूद लुक मिलेगा. यह लुक फ्यूजन या वेस्टर्न पर बहुत अच्छी लगता है.

### स्मोकी आईज

स्मोकी आईज बनाने के लिए यह जरूरी नहीं है कि आप ब्लैक आईलाइनर का ही इस्तेमाल करें, बल्कि आप कलरफुल इफेक्ट देकर भी स्मोकी आईज लुक क्रिएट कर सकते हैं. इससे आपका लुक बहुत ही यूनिक लगेगा.

### ब्लशर

नेचुरल ब्लश के लिए भी लिप लाइनर को यूज किया जा सकता है. इसके लिए आप रेड या पिंक ब्लशर का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आपको थोड़ा-सा लिप लाइनर दोनों गालों पर लगाकर इसे ब्यूटी ब्लेंडर से ब्लेंड कर लेना है. इससे आपका लुक बहुत ही नेचुरल दिखाई देगा. आपको एक बात का ध्यान रखना है कि लिप लाइनर मैट फिनिश वाला हो.

# रात में मुश्किलों से आती है नींद?




रात की नींद का अच्छा होना बेहद जरूरी है. क्योंकि रात की नींद पर ही आपका अगला दिन डिपेंड करता है. अगर रात में नींद पूरी नहीं होती है तो आप अगले दिन चिड़चिड़े रहते हैं. कई लोग इतना परेशान हो जाते हैं कि वह नींद की गोली का सहारा लेते हैं. ऐसे में इसे रोजाना खाने से आपकी बॉडी पर कई तरह के साइड इफेक्ट हो सकते हैं. ऐसे में आपको बता रहे हैं घरेलू और आयुर्वेदिक उपाय के बारे में जिसको अपना कर आपको अच्छी और गहरी नींद आएगी.

इसके लिए अश्वगंधा और सर्पगंधा बराबर मात्रा मे पीस कर एक चूर्ण बनाएं. रात को सोने से पहले चार से पांच चूर्ण एक गिलास पानी के साथ जाएं. इस आयुर्वेदिक दवा से आपको अच्छी और गहरी नींद मिलेगी.

अश्वगंधा को काफी लंबे समय से औषधीय रूप से इस्तेमाल किया जाता है. ये शरीर को एनर्जेटिक बनाता है. इसे एक टॉनिक माना जाता है. अश्वगंधा का इस्तेमाल कई बीमारियों और ब्यूटी बढ़ाने वाले प्रोडक्ट बनाने में काम लिया जाता है. तनाव, चिंता, थकावट, नींद की कमी जैसी समस्याओं का कारगर इलाज अश्वगंधा से किया जा सकता है. वहीं बात हो सर्पगंधा की तो ये बॉडी को आराम देने, शांत करने और नींद के लिए बहुत अच्छा है.

अच्छी नींद के लिए रात में सोने से पहले हाथ और पैरों को ठीक से साफ करें और तेल की मदद से तलवों की मसाज करें. इसे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और थकान दूर हो जाती है.

वैसे तो ये नुस्खा पूरी तरह से नेचुरल है लेकिन फिर भी इसे अपनाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें.

## चुटकुले



- **गोलू-** डॉक्टर साहब क्या आप मेरी बीमारी का पता लगा सकते हैं।

**डॉक्टर-** हां, तुम्हारी आंखें बहुत कमजोर हैं।

**गोलू-** इतनी जल्दी आपको कैसे पता चल गया?

**डॉक्टर-** तुमने बाहर बोर्ड पर नहीं पढ़ा कि मैं जानवरों का डॉक्टर हूं।

- रेलवे स्टेशन पर लिखा था- 'बिना टिकट यात्रा करने वाले होशियार!

ट्रेन के इंतजार में खड़े चिंटू ने ये लाइन पढ़ी और बोला- वाह! जो टिकट न खरीदें वो होशियार और हमने खरीद रखी है तो हम बेवकूफ?

- **जज-** घर में मालिक के रहते हुए तुमने चोरी कैसे की?

**गोलू-** जज साहब आपकी अच्छी नौकरी है, अच्छी सैलरी है.

फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे...?

- **लड़की-** तुम क्या कर रहे हो

**लड़का-** मच्छर मार रहा हूं

**लड़की-** कितने मारे ?

**लड़का-** 5 मारे, 3 फिमेल ओर 2 मेल

**लड़की-** कैसे पता चला, मेल है या फिमेल

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### तुम्हारा घर गांव सब पता है, सजा सुनते ही जज को दी देख लेने की धमकी

**बिजनौर.** यूपी के बिजनौर में उम्रकैद की सजा सुनते ही दो दोषी आपे से बाहर आ गए। दोनों दोषियों ने कटघरे में खड़े होकर जज को धमकी दे डाली। भरी कोर्ट में जज को धमकी से हड़कंप मच गया। इसके बाद जज ने यूपी के गृह सचिव, डीआईजी और जिला जज को चिट्ठी लिखी है। दरअसल चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मुकदमेबाजी की रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की कार से कुचलकर हत्या के मामले में आरोपी जयदीप और पिंटू चौहान को दोषी मानकर दोनों को उम्रकैद और 25- 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सजा सुनते ही दोनों अभियुक्तों ने अदालत में शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों अपना आपा खो दिया और कटघरे में खड़े होकर जज को देख लेने की धमकी तक दे डाली। दोनों आरोपी बोले, हमें तेरे घर, गांव सबका पता है। तुमको देख लेंगे। दोषियों की धमकी से डरे जज ने तुरंत गृहसचिव, डीआईजी और जिला जज को चिट्ठी लिखी। हालांकि पुलिस ने न्यायाधीश की अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ा दी है।

### सपा नेता मोईद खान डेढ़ साल बाद जेल से रिहा; गैंगरेप केस में कोर्ट से राहत

**अयोध्या.** अयोध्या जिले के पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा कस्बे से जुड़े चर्चित दुष्कर्म एवं पॉक्सो प्रकरण में निरुद्ध समाजवादी पार्टी (सपा) नेता मोईद खान को अदालत से बरी होने के बाद आखिरकार जेल से रिहाई मिल गई। करीब डेढ़ वर्ष तक न्यायिक हिरासत में रहने के बाद वह अपने पैतृक घर भदरसा पहुंचे। उनके घर पहुंचते ही समर्थकों और शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई, हालांकि प्रशासन ने किसी भी तरह के जुलूस या सार्वजनिक आयोजन की अनुमति नहीं दी। मोइद खान पर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

### शिक्षक सुसाइड केस में सरकार का बड़ा ऐक्शन, बीएसए सस्पेंड; पूर्व प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**देवरिया.** यूपी के देवरिया के गौरीबाजार विकास खंड के कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय मदरसन के सहायक अध्यापक कृष्ण मोहन सिंह की आत्महत्या के मामले में योगी सरकार ने शुक्रवार को बड़ा ऐक्शन लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) शालिनी श्रीवास्तव को सस्पेंड कर दिया। इसके पहले इस मामले में कृष्ण मोहन सिंह के स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य अनिरुद्ध को गोरखपुर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में भ्रष्टाचार की धारा बढ़ा दी गई है। शिक्षक सुसाइड केस में देवरिया की बीएसए शालिनी श्रीवास्तव पर शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। गुरुवार को पुलिस की एक टीम देवरिया पहुंची थी। वहां बीएसए के आवास पर टीम ने दबिश दी, लेकिन वहां ताला बंद मिला।

### गोरखपुर में पत्रकार की दिनदाड़े हत्या, जल निकासी विवाद में पीट-पीटकर मार डाला

**गोरखपुर.** यूपी के गोरखपुर में एक पत्रकार की दिन दहाड़े हत्या कर दी गई। नाली से जल निकासी के विवाद में शुक्रवार की सुबह साढ़े 10 बजे के करीब आरोपियों ने पीट-पीटकर पत्रकार को इस तरह घायल किया कि उनमी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पत्रकार अग्निवेश सिंह बुरी तरह से घायल थे। उन्हें आनन-फानन में गोरखपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्रकार अग्निवेश सिंह की मौत के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर जिला अस्पताल पर बड़ी संख्या में पत्रकार और अग्निवेश सिंह के जानने वाले जुट गए। उन्होंने पुलिस से मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की।

चीफ इलेक्शन कमिश्नर(CEC) ज्ञानेश कुमार बोले-

# तमिलनाडु में एक फेज में चुनाव होगा

- इस पर आखिरी फैसला जल्द करेंगे
- SIR के बाद राज्य में 5.67 करोड़ वोटर बचे



**नई दिल्ली.** चीफ इलेक्शन कमिश्नर(CEC) ज्ञानेश कुमार ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु में एक फेज में ही चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि इसपर आखिरी फैसला जल्द करेंगे।

CEC ने कहा कि तमिलनाडु इलेक्शन में रिकॉर्ड बनाएगा और बिहार से बहुत बेहतर होगा। उन्होंने राज्य के सभी वोटरों से आने वाले विधानसभा चुनावों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन(SIR) कराया गया है। इसके बाद वर्तमान में यहां 5 करोड़ 67 लाख वोटर हैं। यहां 75,000 पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 44,000 ग्रामीण इलाकों में होंगे। ट्रांसपेरेंसी पक्का करने के लिए हर पोलिंग बूथ पर 100% वेबकास्टिंग होगी।

#### ज्ञानेश कुमार ने और क्या बताया...

हाल ही में चुनाव आयोग ने एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इसमें 72 देशों के चीफ इलेक्शन कमिश्नर, इलेक्शन कमिश्नर और चुनावी स्टाफ ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में तमिलनाडु के 10वीं सदी के "कुडावोलाई सिस्टम" के बारे में जानकारी दी गई।

आयोग पिछले कुछ दिनों से तमिलनाडु में है। जिला कलेक्टर, SP, DIG, IG, 24 प्रवर्तन एजेंसियों, राज्य सरकार, चीफ सेक्रेटरी और DGP के साथ तैयारियों की समीक्षा की गई।

27 अक्टूबर 2025 से 23 फरवरी 2026 तक SIR किया गया। उद्देश्य था कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं और कोई अयोग्य व्यक्ति शामिल न हो। राज्य में कुल 5 करोड़ 67 लाख मतदाता हैं।

हर पोलिंग स्टेशन पर औसतन 756 मतदाता होंगे। 258 बूथ पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित होंगे। 47 बूथ दिव्यांगों द्वारा संचालित होंगे। 265 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

# कोलकाता सहित बंगाल के कई जिलों में भूकंप

- 5.4 तीव्रता
- तेज झटके महसूस हुए, इमारतें हिलीं
- लोग सड़कों पर निकले
- बांग्लादेश के ढाका में था केंद्र

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित कई जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के ढाका स्थित अगरगांव में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। पश्चिम बंगाल से अगरगांव की दूरी लगभग 26 किलोमीटर बताई जा रही है। झटके इतने तेज थे कि कोलकाता में बहुमंजिला इमारतें कुछ सेकेंड तक हिलती रहीं। अचानक कंपन महसूस होते ही लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए।

कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया। कई इमारतों में बंद पड़े सीलिंग फैन तक हिलते नजर आए। कुछ पुराने मकानों के झुकने की भी खबर सामने आई है। हालांकि अब तक बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है।

कोलकाता में स्वगता नाम की ने युवती ने बताया कि हम सोफे पर बैठे थे तभी अचानक झटके महसूस हुए। हम तुरंत घर से बाहर भागे। सोफा और पंखा हिल रहे थे, टेबल पर रखी एक बोतल गिर गई। हम सब नीचे की ओर भागे।

# मोबाइल कारोबारी ने पत्नी-बेटी को जहर दिया, खुद भी पीया

- पिता-पुत्री की मौत, पत्नी ICU में
- ऑनलाइन गेम के चलते कर्ज में डूबा था



**शहडोल.** शहडोल में ऑनलाइन गेम की लत और इसके चलते कर्ज से परेशान होकर मोबाइल कारोबारी ने पत्नी-बेटी को जहर पिला दिया। फिर खुद पी लिया। इलाज के दौरान पहले बेटी, फिर कारोबारी की जान चली गई। पत्नी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में मौत से जंग लड़ रही है।

मामला शहडोल के कोतवाली थाना इलाके में पुरानी बस्ती का है। यहां रहने वाले शंकर लाल गुप्ता (40) को ऑनलाइन गेम 'बीडीजी' खेलने की लत थी। वह इस खेल में करीब 4 लाख रुपए हार चुका था। इसके लिए लोगों से कर्ज भी लिया था।

कर्ज के बढ़ते बोझ और आर्थिक तंगी की वजह से शंकर लाल काफी समय से तनाव में चल रहा था। कभी खुद की मोबाइल दुकान चलाने वाला शंकर अब सड़क किनारे छोटी सी दुकान लगाकर गुजारा करने को मजबूर था।

#### घर से बाहर होने की वजह से बचा बेटा

24 फरवरी की रात शंकर लाल 15 वर्षीय बेटे अनिकेत के साथ बाजार गया। बेटे को दोस्त की दुकान में छोड़कर शंकर ने चाय पीने की बात कही। फिर बाजार से कोल्ड ड्रिंक खरीदकर घर चला आया। इसमें जहर मिला दिया। फिर पत्नी राजकुमारी और बेटी स्वाति (16) को कोल्ड ड्रिंक पिला दी। खुद भी पी ली।

रात में चीखपुकार सुनकर पड़ोसी शंकर लाल के घर पहुंचे। देखा कि तीनों लोगों की तबीयत खराब है। एम्बुलेंस की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान 25 फरवरी की सुबह स्वाति की मौत हो गई। शाम करीब 6 बजे शंकर लाल ने भी दम तोड़ दिया।

# समीर वानखेड़े को झटका

- कॉर्डेलिया क्रूज केस में हाई कोर्ट ने कार्रवाई को दी मंजूरी



**नई दिल्ली.** दिल्ली हाई कोर्ट ने 2021 के कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग्स मामले में तत्कालीन आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रखने की मंजूरी दे दी है। अदालत ने केंद्र सरकार की उस याचिका को स्वीकार कर लियाए जिसमें केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के पुराने फैसले को चुनौती दी गई थी। वानखेड़े पर आरोप है कि उन्होंने एनसीबी में रहते हुए अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को फंसाने की धमकी दी और उनके परिवार से रुपये की मांग की। उन पर जांच को गलत दिशा में मोड़ने का भी आरोप है।

जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल एवं जस्टिस अमित महाजन की पीठ ने साल 2021 के कॉर्डेलिया क्रूज मादक पदार्थ मामले के संबंध में आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ शुक्रवार को अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रखने की अनुमति प्रदान कर दी।

#### केंद्र सरकार ने कैट के आदेश को दी थी चुनौती

जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल एवं जस्टिस अमित महाजन की पीठ ने केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के उस आदेश के खिलाफ केन्द्र की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें इस मामले में वानखेड़े के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को रद्द कर दिया गया था। केन्द्र सरकार ने कैट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा 18 अगस्त, 2025 को वानखेड़े को जारी किए गए आरोपपत्र को रद्द कर दिया गया था।

#### क्या हैं समीर वानखेड़े पर आरोप?

साल 2008 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी समीर वानखेड़े उस समय सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 2021 में मुंबई के नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) में अपने कार्यकाल के दौरान अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को कॉर्डेलिया क्रूज मादक पदार्थ कांड में फंसाने की धमकी देकर उनके परिवार से कथित तौर पर 25 करोड़ रुपये की मांग की थी।

# केजरीवाल-सिसोदिया बरी

- दिल्ली शराब नीति केस
- कोर्ट बोला- CBI ने साजिश की कहानी गढ़ी
- जांच एजेंसी ने 6 घंटे बाद ही हाईकोर्ट में अपील की




**नई दिल्ली.** शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को CBI केस में बरी कर दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- दोनों के खिलाफ सबूत नहीं है, आरोप साबित नहीं होता। CBI ने साजिश गढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस सबूतों की जगह अनुमान पर था।

CBI ने इस मामले में कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया। जांच एजेंसी ने करीब 6 घंटे बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। CBI ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है।

### तेंदुलकर के बेटे अर्जुन के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू

सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू हो गए हैं। शुरुआत गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर पर हुई, जहां तेंदुलकर और अंबानी परिवार के सदस्य देसी रंग में नजर आए।

सचिन ने इस मौके पर बेटे को लेकर भावुक बात कही। उन्होंने कहा कि जब बेटा किसी लड़की को घर लाकर परिचय कराता है, तब पता चलता है कि बेटा बड़ा हो गया है।

अर्जुन और सानिया की शादी 5 मार्च को मुंबई में होने वाली है। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं।

# सरकार के लिए बोझ हैं पांच योजनाएं

- कर्नाटक डिप्टी सीएम शिवकुमार ने स्वीकारा



**हैदराबाद.** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की पांच योजनाओं को लेकर उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने स्वीकार किया है कि यह सरकारी खजाने के ऊपर बोझ हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को इस गारंटी के साथ तैयार किया गया था कि पैसा नागरिकों के हाथों में रहे, ताकि कठिन समय में उनका आत्मविश्वास कम न हो। उपमुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि भले ही सरकार पर बोझ पड़ता हो, लेकिन वह इन योजनाओं को जारी रखेंगे।

बेंगलुरू में मीडिया से बात करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि राज्य की इन पांच गारंटी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य राज्य की जनता को मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। हालांकि उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इन योजनाओं में से अपात्र और मृत लोगों को हटाए जाने की जरूरत है। सरकार लगातार इस संबंध में काम कर रही है। गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री जिन योजनाओं का जिक्र कर रहे थे उनमें गृह ज्योति योजना, जिसके अंतर्गत हर परिवार को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाती है। इसके अलावा, गृह लक्ष्मी, अन्न भाग्य, युवा निधि और शक्ति योजना जैसी योजनाएं शामिल हैं। यह योजनाएं मुख्यतः जनता को सीधा लाभ देती हैं। शिवकुमार ने स्वीकार कहा, ₹यह योजनाएं सरकार पर भले ही वित्तीय बोझ डाल सकती हैं, लेकिन सार्वजनिक कल्याण से समझौता नहीं किया जाएगा।₹

इसी बीच, परिवहन और मुजरा मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा कि विभाग ने आगामी राज्य बजट में 3,000 नई बसों की मांग की है ताकि बेड़े को मजबूत किया जा सके। यह मांग 'शक्ति' योजना के लागू होने के बाद बसों में यात्रियों की संख्या में तेज वृद्धि के बीच की गई है। रेड्डी ने सुझावों को खारिज किया कि मुफ्त यात्रा कार्यक्रम परिवहन कंपनियों के घाटे का कारण है। उन्होंने कहा, "शक्ति योजना परिवहन कंपनियों के घाटे का कारण नहीं है। परिवहन कंपनी भाजपा सरकार के दौरान भी घाटे में थी।" उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन को लाभ कमाने के बजाय सेवा के रूप में चलाया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा, "हम 35% लाभ कमा रहे हैं। अगर घाटा भी होगा तो हम बसें चलाएंगे। यहां लाभ कमाने का कोई उद्देश्य नहीं है।

# वेस्टइंडीज की हार से भारत की राह आसान




- अब विंडीज को ही आखिरी मैच हराना होगा
- न्यूजीलैंड आज जीता तो पाकिस्तान बाहर

टी-20 वर्ल्ड कप में गुरुवार का दिन भारतीय टीम के लिए अच्छा रहा। साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हरा दिया, वहीं टीम इंडिया ने आखिरी मुकाबले में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया।

इन नतीजों से वेस्टइंडीज और भारत के बीच होने वाला मुकाबला नॉकआउट की तरह हो गया। 1 मार्च को कोलकाता में यह मैच होगा, जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी, वहीं हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी।

आज न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच ग्रुप-2 का मुकाबला होगा। न्यूजीलैंड जीता तो टीम इंग्लैंड के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 स्टेज में लगातार 2 मैच जीत लिए। टीम 4 पॉइंट्स के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई। जिम्बाब्वे दूसरी हार के बाद नॉकआउट की रेस से बाहर हो गई। अब जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के बीच 1 मार्च को मुकाबला होगा। साउथ अफ्रीका जीतकर ग्रुप-1 में टॉप पर फिनिश कर सकता है। वहीं जिम्बाब्वे जीतकर साउथ अफ्रीका को नंबर-2 पर खिसका सकता है।

वेस्टइंडीज को साउथ अफ्रीका ने हरा दिया। इससे भारत और विंडीज के पास सुपर-8 में 1 जीत और 1 हार हो गई। अब दोनों टीमें 1 मार्च को कोलकाता में शाम 7 बजे से आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला नॉकआउट ही होगा। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, वहीं हारने वाली टीम का सफर खत्म हो जाएगा।

ग्रुप-2 में इंग्लैंड ने 2 मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम आज न्यूजीलैंड के खिलाफ भिड़ेगी। न्यूजीलैंड अगर जीता तो ग्रुप में नंबर-1 पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बना लेगा।

# इंदौर में जहरीली गैस फैली

- 5 की तबीयत बिगड़ी
- लोगों को सांस लेने में परेशानी, उल्टियां हुईं
- घरों से बाहर निकले



**इंदौर.** इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात अमोनिया गैस के रिसाव से इलाके में हड़कंप मच गया। गैस के असर से कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई, जिसके बाद दो महिलाओं समेत पांच लोगों को एहतियातन अस्पताल भेजा गया।

प्रशासन के मुताबिक सभी की हालत स्थिर है और कोई भी गंभीर नहीं है। सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसनी ने बताया कि पांचों की हालत ठीक है।

एडमिट तीन मरीजों में से एक को डिस्चार्ज कर दिया है। जबकि दो को कुछ देर बाद कर दिया जाएगा। ऐसे ही चरक हॉस्पिटल में 6 लोग एडमिट थे। उनकी हालत बिल्कुल ठीक है। इनमें से चार लोगों डिस्चार्ज कर दिया है।

डीसीपी आनंद कालादगी ने बताया कि ककतपुरा पुल के नीचे शहजाद नाम के एक कबाड़ी द्वारा सिलेंडर काटा जा रहा था। इसी दौरान उसमें से अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस फैलते ही आसपास मौजूद लोगों को घबराहट और सांस लेने में परेशानी महसूस होने लगी।

डीसीपी ने स्पष्ट किया कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से प्रभावित नहीं हुआ है। सभी लोग सुरक्षित हैं। पुलिस ने कबाड़ी शहजाद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

#### नगर निगम की टीम ने सील की दुकान

मामले में नगर निगम की टीम शुक्रवार को मौके पर पहुंची और कबाड़ दुकानदार शाहरुख शहजाद खान की दुकान सील कर दी स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया ने बताया कि दुकान सील करने के साथ ही आसपास और बाहर पड़े सामान को लेकर सख्त चेतावनी दी गई है कि जब तक पुलिस की कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती तब तक इन सामान को कहीं ठिकाने नहीं लगाए। नगर निगम द्वारा उसे बाद में जब्त किया जाएगा

# मैंने कभी नहीं कहा कि मैं बीमार हूं

- इस्तीफे पर जगदीप धनखड़ का बड़ा बयान

**नई दिल्ली.** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पिछले साल जुलाई में दिए गए अपने अचानक इस्तीफे को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। गुरुवार को राजस्थान के चूरू में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका इस्तीफा खराब स्वास्थ्य की वजह से नहीं था, बल्कि उन्होंने 'स्वास्थ्य को प्राथमिकता' देने के लिए यह कदम उठाया था।

चूरू में एक छोटी सभा को संबोधित करते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा- कहते हैं पहला सुख निरोगी काया। मैंने स्वास्थ्य के प्रति कभी लापरवाही नहीं बरती। मैंने जब कहा कि मैं पद त्याग रहा हूं, तो मैंने कभी यह नहीं कहा कि मैं बीमार हूं। मैंने कहा कि मैं स्वास्थ्य को अहमियत दे रहा हूं, और देनी भी चाहिए। 21 जुलाई 2025 को राष्ट्रपति को सौंपे गए अपने त्यागपत्र में धनखड़ ने लिखा था कि वह 'स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने के लिए' अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

# ट्रेलर से टकराई स्लीपर बस, 6 की मौत

- दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए
- सीटों से नीचे लटके शव




**बालोतरा.** बालोतरा जिले के सरवड़ी गांव में नेशनल हाईवे-25 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। स्लीपर बस ओवरटेक के दौरान सामने से आए ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौक पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐसे में मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का ड्राइवर साइड की तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में से शव लटके नजर आए। 3 और 6 साल के दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। शवों को बालोतरा के नाहटा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

#### ओवरटेक करते समय सामने से आए ट्रेलर से टकराई बस

बालोतरा एसडीएम अशोक कुमार ने बताया- हादसा शाम 4 बजे का है। बस जोधपुर से सांचौर की ओर जा रही थी, जबकि ट्रेलर जोधपुर की ओर आ रहा था। बस ड्राइवर आगे चल रही 2 गाड़ियों को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर से ड्राइवर साइड का हिस्सा टकरा गया।

### AIADMK से निष्कासित पूर्व CM पन्नीरसेल्वम DMK में शामिल

तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला। पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व AIADMK नेता ओ पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) ने शुक्रवार को DMK का दामन थाम लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में पार्टी जॉइन की। यह कदम अप्रैल-मई में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले उठाया गया है।

जे जयललिता के करीबी ओ.पन्नीरसेल्वम पहली बार 2001 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने थे। हालांकि 6 महीने बाद ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 2014 में उन्होंने दूसरी बार सीएम पद का कार्यभार संभाला था।

# 5 कुत्तों के झुंड ने बच्चे को नोच-नोचकर मार डाला

- शरीर के हर हिस्से पर काटा, पिता ने छुड़वाया

**जालंधर.** जालंधर में 5 कुत्तों के झुंड ने 6 साल के बच्चे को नोच-नोचकर मार डाला। वह अपनी मां के साथ खेत पर पिता को खाना देने गया था। जहां बच्चा शौच के लिए खेत में चला गया। इसी दौरान आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और उस पर हमला कर दिया।

इस दौरान कुत्तों ने उसके सिर पर सबसे ज्यादा नोचा, इसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर भी काट लिया। बेटे के चिल्लाने की आवाज सुनकर माता-पिता भागे और बेटे को कुत्तों के चंगुल से छुड़वाया।

इसके बाद वे तुरंत ही बच्चे को गंभीर हालत में इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान 6 वर्षीय इतवारी के नाम से हुई, जो सुल्तानपुर लोधी, गिला गाखला में माता-पिता के साथ रहता था। जबकि परिवार मूलरूप से यूपी के बहराइच जिले का रहने वाला है।

**संक्षेप...**

## डोंबिवली में अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई

**कल्याण.** डोंबिवली स्टेशन परिसर में फेरीवालों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ मनपा ने सख्त अभियान चलाया. लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई. आयुक्त अभिनव गोयल के निर्देश पर 6/एफ प्रभाग के सहायक आयुक्त प्रसाद ठाकुर ने कार्रवाई करते हुए 17 हाथ गाड़ियां जब्त कीं. वहीं 8/जी प्रभाग के सहायक आयुक्त भारत पवार ने स्टेशन परिसर की सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले फेरीवालों पर कार्रवाई करते हुए 10 हाथ गाड़ियां जब्त कीं. कार्रवाई के दौरान 27 सब्जियों के कैरेट, 30 टांगनियां, 20 शेड, 5 गैस सिलेंडर, 12 कपड़ों की गांठें, 27 प्लाईवुड शीट और 8 लकड़ी के बॉक्स समेत अन्य सामान भी जब्त कर प्रभाग कार्यालय में जमा कराया गया.

# सुनेत्रा पवार NCP की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं

- **अजित पवार की मौत के बाद डिप्टी CM पद संभाला**
- **उनकी राज्यसभा सीट पर बेटे पार्थ लड़ेंगे चुनाव**



**मुंबई.** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को गुरुवार को सर्वसम्मति से सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। NCP के कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने मुंबई में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद यह घोषणा की।

उन्होंने बताया कि सुनेत्रा पवार के इस्तीफे से खाली हुई राज्यसभा सीट के लिए पार्थ पवार को नामित किया जाएगा। पार्थ अजित पवार और सुनेत्रा के बड़े बेटे हैं। अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में निधन हो गया था।

वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र के डिप्टी CM थे। उनकी मौत के तीसरे दिन, 31 जनवरी को सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, जिसके चलते उन्होंने राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

सुनेत्रा पवार जून 2024 में लोकसभा चुनाव में हार के बाद NCP की ओर से राज्यसभा सदस्य निर्विरोध चुनी गई थीं। NCP महाराष्ट्र सरकार में महायुति गठबंधन का हिस्सा है। इसमें भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना भी शामिल है।

### पार्थ पवार 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके

अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने 2019 के लोकसभा चुनाव से सक्रिय राजनीति में एंट्री ली थी। उन्होंने महाराष्ट्र की मावल लोकसभा सीट से NCP उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। हालांकि उन्हें इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

इसके बाद वे राजनीति में कम सक्रिय दिखाई दिए, लेकिन पार्टी के संगठनात्मक कार्यों और युवा कार्यकर्ताओं के साथ जुड़े रहे। हाल ही में पुणे में मुंडवा की 40 एकड़ सरकारी जमीन की विवादित बिक्री को लेकर पार्थ पवार विवादों में आए थे।

### 7 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

- महाराष्ट्र में 7 राज्यसभा सीटों के लिए 16 मार्च 2026 को चुनाव होंगे। चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 5 मार्च 2026 है। उसके बाद नामों की जांच 6 मार्च और नाम वापसी 9 मार्च तक हो सकती है।
- राज्य में NCP (SP) प्रमुख शरद पवार सहित सात राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त होने वाला है। शरद पवार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि वे दोबारा चुनाव लड़ेंगे या नहीं। इधर, सूत्रों ने PTI को बताया कि भाजपा राज्यसभा चुनाव में चार उम्मीदवार उतार सकती है।
- महाराष्ट्र विधानसभा में 288 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा के पास 132 सीटें, शिवसेना शिंदे के पास 57 और अजित पवार की NCP के पास 41 विधायक हैं। राज्यसभा की एक सीट के लिए 37 वोटों की जरूरत होती है।

# 68 लाख की मेफेड्रोन और कोडीन युक्त कफ सिरप जब्त

- **दो व्यक्ति गिरफ्तार**

**ठाणे.** ठाणे शहर में 68 लाख रुपये मूल्य की मेफेड्रोन और प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को 24 फरवरी की रात मुंबई के ठाकुरपाड़ा इलाके में एक टूटी-फूटी झोपड़ी से पकड़ा गया।

उन्होंने बताया कि अजीम अहमद नईम अहमद खान (29) और अबूजैद इम्तियाज खान (28) के पास से कोडीन युक्त कफ सिरप की 57 बोतलें और 338.1 ग्राम मेफेड्रोन बरामद हुआ, जिसे वे बेचने वाले थे। उन्होंने बताया कि जब्त प्रतिबंधित सामग्री की कीमत करीब 68 लाख रुपये है।



अधिकारी ने कहा, ''कोडीन युक्त कफ सिरप का जो भंडार बरामद हुआ है वह मादक पदार्थों की श्रेणी में आता है और इसका दुरुपयोग नशे के लिए किया जाता है। आरोपियों ने औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से सिरप खरीदा।''

उन्होंने कहा कि दोनों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम और औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज में अवॉर्ड वितरण संपन्न

**ठाणे.** मेडिकल फील्ड सिर्फ पढ़ाई, लैब, पेशेंट केयर और जिम्मेदारी के बारे में नहीं है, बल्कि यह सेंसिटिविटी, क्रिएटिविटी और इंसानियत का भी फील्ड है। डॉक्टर बनने का मतलब सिर्फ शरीर का इलाज करना नहीं है, बल्कि मन को सपोर्ट करना भी है और यह ताकत हमारे टैलेंट से डेवलप होती है। मेडिकल की पढ़ाई मुश्किल ज़रूर है; लेकिन साथ ही, अपने टैलेंट को निखारना भी उतना ही ज़रूरी है, ऐसा महापौर शर्मिला पिंपलोलकर ने अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान कहा।



ठाणे मनपा के राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज और छत्रपति शिवाजी महाराज हॉस्पिटल के उन स्टूडेंट्स के लिए गुरुवार को डॉ. काशीनाथ घाणेकर हॉल में एक अवॉर्ड सेरेमनी ऑर्गनाइज़ की गई, जिन्होंने एकेडमिक, कल्चरल, स्पोर्ट्स और अलग-अलग को-करिकुलर एक्टिविटीज़ में शानदार सफलता हासिल की। प्रोग्राम में डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल, एडिशनल कमिश्नर 1 संदीप मालवी, एडिशनल कमिश्नर 2 प्रशांत रोडे, डिप्टी कमिश्नर उमेश बिरारी, जी.जी. गोदापुरे, छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल की डीन डॉ. स्वप्नाली कदम के साथ अस्पताल के डॉक्टर, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।कार्यक्रम में ठाणे महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी ने छात्रों को संबोधित किया। छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल की डीन डॉ. स्वप्नाली कदम ने परिचय दिया।

शैक्षणिक वर्ष के सांस्कृतिक कार्यक्रम राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज और छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा, ठाणे में आयोजित किए गए थे। इसमें शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया था। डॉ. स्वप्नाली कदम ने बताया कि इसमें विशेष उत्कृष्टता हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष की सभी गतिविधियों का आयोजन ओडिसी की अवधारणा के तहत किया गया है, जिसे उन्होंने अध्ययन, रचनात्मकता और उत्कृष्टता की यात्रा का प्रतीक बताया।इस अवसर पर, कॉलेज की वार्षिक स्मारिका 'लाइफ लाइन' का विमोचन गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा तोरसेकर स्मृति पुरस्कार डॉ. नुपुर संकलचा को, डॉ. एच.एस. भानुशाली स्मृति पुरस्कार एमयूएचएस अंतिम वर्ष की तानिया गोधा को, एमयूएचएस अंतिम वर्ष सर्जरी में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री रूही मैंदारकर को डॉ. एन शैलेश्वर पुरस्कार, एमयूएचएस फिजियोलॉजी में प्रथम वर्ष की प्रथम रैंक प्राप्त करने वाली सविता यादव को डॉ. सी. मैत्रा पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही, बैच टॉपर, बैच 2020 – तानिया गोधा, बैच 2021 – जिष्णु नायर, बैच 2022 – वृष्टि हरिया, बैच 2023 – अंशुत्शी सालुंखे, सभी विशेष मेधावी छात्र मुस्कान अरोरा, हसीबा अतीक, ओम पांडे, डोना जॉनसन, रोशमी गावड़े, राशि जाधव, हिमांशु तिवारी, 'शब्दरंग' मराठी कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान – भूषण जाधव, द्वितीय स्थान – हिमांशु तिवारी को भी सम्मानित किया गया।

# महापौर ने ठाणे मनपा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया सम्मान



**ठाणे.** सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों और कर्मचारियों ने ठाणे शहर के विकास और नागरिकों को अच्छी सर्विस देने में अहम योगदान दिया है। अधिकारी और कर्मचारी कई सालों से ईमानदारी, वफादारी और कर्तव्य की भावना से मनपा की सेवा कर रहे हैं, और मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के बाद खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दीं।ठाणे मनपा की सेवा से तय उम्र के हिसाब से रिटायर होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान समारोह आज ठाणे मनपा के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल, एडिशनल कमिश्नर 1 संदीप मालवी, एडिशनल कमिश्नर 2 प्रशांत रोडे, डिप्टी कमिश्नर जी.जी. गोदापुरे और अन्य मौजूद थे।सेवानिवृत्त को अंत नहीं बल्कि जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत बताते हुए मेयर ने सभी के अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर अलग-अलग डिपार्टमेंट के कुल 36 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मान चिन्ह और बुके देकर सम्मानित किया गया।

# BMC के सभागृह की कार्यवाही लाइव प्रसारित की जाए

### अनिल गलगली की मांग

**मुंबई.** लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों की प्रत्यक्ष भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इसी संदर्भ में आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका के माननीय महापौर तथा महापालिका आयुक्त को पत्र देकर सभागृह एवं विभिन्न समितियों की कार्यवाही का सीधा (Live Streaming) प्रसारण शुरू करने की मांग की है।

महानगरपालिका के सभागृह सहित स्थायी समिति, शिक्षा समिति, सुधार समिति आदि महत्वपूर्ण समितियों में होने वाली चर्चाओं और निर्णयों की जानकारी वर्तमान में नागरिकों को सीमित रूप में ही प्राप्त हो पाती है। इसके कारण जनहित से जुड़े विषयों पर भ्रम और अफवाहें फैलती हैं। गलगली ने कहा कि यदि बैठकों का लाइव प्रसारण किया जाए तो निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और प्रशासन के प्रति नागरिकों का विश्वास मजबूत होगा।

लाइव प्रसारण से जनप्रतिनिधियों के कार्यों पर सार्वजनिक निगरानी संभव होगी। अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर रोक लगेगी। युवा पीढ़ी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। जब देश की अनेक सरकारी एवं स्थानीय स्वशासन संस्थाएँ सफलतापूर्वक लाइव स्ट्रीमिंग लागू कर चुकी हैं, तब मुंबई महानगरपालिका को भी आधुनिक तकनीक का उपयोग कर यह व्यवस्था तत्काल लागू करनी चाहिए, ऐसी मांग अनिल गलगली ने की है। उन्होंने इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर त्वरित कार्यवाही करने की अपेक्षा व्यक्त की है।

# पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाएं होली

- **मेयर पिंपलोलकर और कमिश्नर सौरभ राव की अपील**

**ठाणे.** होली सोमवार, 2 मार्च, 2026 को है और रंगपंचमी 3 मार्च, 2026 को है. मेयर शर्मिला पिंपलोलकर और मनपा आयुक्त सौरभ राव ने नागरिकों से इसे पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने की अपील की है। मेयर ने कहा कि हालांकि होली खुशी, उत्साह और एकता का त्योहार है, लेकिन इसे मनाते समय पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना सभी की जिम्मेदारी है।होली के लिए पेड़ नहीं काटने चाहिए। साथ ही, केमिकल रंगों की जगह प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि केमिकल रंग त्वचा, आंखों और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकते हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे जानवरों पर रंग न डालें या उन्हें परेशान न करें, और होली के त्योहार के दौरान पानी बर्बाद किए बिना सूखी होली मनाने को प्राथमिकता दें।

# आवारा कुत्ते का शिकार बना एक मासूम

- **एक बच्चा गंभीर गंभीर रूप से घायल**
- **कल्याण के पास मोहिली गालेगांव की घटना**

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र में भटके कुत्तों के हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. ताजा घटना कल्याण के पास आंबिवली-मोहने इलाके के मोहिली गालेगांव क्षेत्र की है, जहां एक 7 साल के बच्चे की कुत्ते के काटने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल है. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। मृत बच्चे का नाम खुशील शंकर वाघे बताया गया है. वह मोहने के पास गालेगांव क्षेत्र के कातकरी आदिवासी पाड़ा में रहता था. उसके माता-पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं.

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले खुशील को एक भटके कुत्ते ने काट लिया था. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. उसी समय एक और बच्चे को भी कुत्ते ने काटा था, जिसका इलाज जारी है. गौरतलब है कि पिछले सप्ताह ही कल्याण पूर्व, तीसगांव नाका के एक युवक ने कुत्ते के काटने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. यह मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब यह नई घटना सामने आ गई. घटना के बाद उद्धव गुट की नगरसेविका तेजश्री गायकवाड ने मनपा मुख्यालय पहुंचकर आयुक्त और महापौर से मुलाकात की और आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष टीम और वाहन तैनात कर प्रतिबंध लगाने की मांग की.

# एक्टर विजय की पत्नी ने तलाक याचिका दायर की

- **पति पर एक्ट्रेस से अफेयर का आरोप**
- **शादी के 27 साल हुए, दो बच्चे भी**



तमिल सुपरस्टार और तमिलगा वेट्री कजगम (TVK) प्रमुख विजय की पत्नी संगीता ने 24 फरवरी 2026 को चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए याचिका दाखिल की है। याचिका में विजय पर एक एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का आरोप लगाया गया है।

कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर केस फैमिली वेलफेयर कमिटी को भेज दिया। दंपति पिछले दो साल से अलग रह रहे थे। दोनों की शादी 1999 में हुई थी। शादी को 27 साल हो चुके हैं।

कोर्ट में इस मामले पर अगली सुनवाई 20 अप्रैल को करेगा। विजय की टीम और संगीता ने मामले पर अबतक कोई बयान नहीं दिया है।

### शादी को 27 साल हो चुके हैं

विजय और संगीता की शादी को करीब 27 साल हो चुके हैं। 25 अगस्त 1999 को कपल शादी के बंधन में बंधे थे। जल्द ही दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया और दोनों ने शादी का फैसला कर लिया।

दोनों ने उस दौर में हिंदू और ईसाई दोनों धर्मों से शादी की थी। 2000 में कपल ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया जिसका नाम जेसन संजय है, वहीं 2005 में उनके घर बेटी का जन्म हुआ।

27 सितंबर तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम यानी TVK की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बताया गया है कि 9 साल की एक बच्ची गुम हो गई थी। विजय ने मंच से उसे तलाशने की अपील पुलिस और अपने लोगों से की, जिसके बाद वहां भगदड़ जैसे हालात बन गए। इसमें 41 लोगों की मौत हो गई थी।















यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099